>

Title: Need to set up a Aakashwani FM Radio Station in Wardha district, Maharashtra -laid.

श्री रामदास तडस (वर्धा): मेरे संसदीय क्षेत्र वर्धा में आकाशवाणी का लघु प्रक्षेपन (एफ.एम.) कार्यरत है, जिसका प्रसारण क्षेत्र सिर्फ 8 से 10 किलोमीटर है । वर्धा जिले में आठ तहसील समाविष्ट है, इसमें वर्धा, देवली, सेलू, आर्वी, आष्टी, कारंजा, समुद्रपुर, हिंगणघाट है । इन सभी जगहों की दूरी वर्धा से 10 किलोमीटर से ज्यादा है । इन तालुकों से वर्धा से दूरी ज्यादा होने से आकाशवाणी वर्धा का प्रक्षेपन नहीं पहुंचता है । इसीलिए वर्धा में 10 किलोवॉट (10 के.वी.) का एफ.एम. आकाशवाणी का ट्रांसमीटर लगाने से इन सभी तालुकों में आकशवाणी (एफ.एम.) के कार्यक्रम स्पष्ट रूप से सुने जा सकेंगे ।

यह वर्ष महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती का वर्ष है । पूज्य महात्मा गांधी जी एवं विनोबा जी की कार्यस्थली पुनीत वर्धा जिले में आकशवाणी का लोकल रेडियो स्टेशन (स्टूडियो सहित) स्थापित होने से सम्पूर्ण वर्धा जिले को इसका लाभ होगा । अतः आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि वर्धा जिले में 10 किलोवाट (10 केवी) का एफ. एम. आकाशवाणी का ट्रांसमीटर एवं लोकल रेडियो स्टेशन (स्टूडियो सहित) स्थापित कराने हेतु उचित कार्यवाही करें ।